# लखनऊ में बनेंगी इलेक्ट्रिक बसें और दो पहिया ई वाहन

## झांसी में रेल कोच तो गाजियाबाद में ट्रैक्टरों का होगा निर्माण

अमर उजाला ब्यूरो

**लखनऊ।** वैश्विक निवेशक सम्मेलन में ऑटोमोबाइल के क्षेत्र में 12,321 करोड़ रुपये के निवेश करार को धरातल पर उतारने की कवायद शुरू हो गई है। इसके तहत लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल, इलेक्ट्रिक बस, दो व तीन पहिया ई व्हीकल का निर्माण किया जाएगा।

उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने प्रमुख रूप से आगरा, झांसी, लखनऊ, बागपत, गाजियाबाद, फतेहपुर, कानपुर, अमेठी, मथुरा व फिरोजाबाद में ऑटोमोबाइल यूनिट स्थापित करने के लिए निवेश करार किए हैं। इनसे 10,890 लोगों को रोजगार मिलेगा। कल्प जैन मोटर्स वर्ल्ड लि. 350 करोड़ रुपये से लखनऊ में इलेक्ट्रिक बसों का प्लांट लगाकर करीब 250 लोगों को रोजगार देगा। वहीं, आईएमपी ग्रुप 100 करोड़ रुपये



**12 हजार करोड़ रुपये का होगा निवेश ऑटोमोबाइल के क्षेत्र में**

का निवेश कर इलेक्ट्रिक व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग प्लांट से 250 लोगों को रोजगार देगा।

तौंसचें ग्रुप ऑफ कंपनी आगरा में ई व्हीकल प्लांट लगाने के लिए 8200 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इसमें 5000 लोगों को रोजगार मिलेगा। रेल विकास निगम लि. झांसी में 2840 करोड़ के निवेश से रेल के एलएचबी कोच और ट्रैक वर्क के प्रोजेक्ट का प्लांट लगाएगा। इसमें 1500 लोगों को रोजगार मिलेगा। आरएसीएल लि. अमरोहा में 250 करोड़ रुपये की लागत से व्हीकल प्लांट लगाएगी। इसमें 2000 लोगों को रोजगार देने का लक्ष्य है। फिरोजाबाद में एएमजी ग्रुप 118 करोड़ रुपये से ई-टाइटैनिक प्लांट के नाम से ई व्हीकल बनाएगी। इसमें 300 लोगों को रोजगार मिलेगा। किंग सोल्यूशन प्रा लि. मथुरा में 115 करोड़ रुपये से ई व्हीकल प्लांट और श्रीराम इंडस्ट्री फतेहपुर में 45 करोड़ रुपये से टायर प्लांट लगाएगी। वीरेंद्र सिंह की ओर से फतेहपुर में ही ऑटो पार्ट्स यूनिट लगाने के लिए 28 करोड़ रुपये निवेश किए जाएंगे।

श्री एएसआर मोटर्स क्रॉप प्रालि 10 करोड़ से कानपुर में रबड़ टायर, गाजियाबाद में मैसर्स कृषि ट्रैक्टर्स ट्रैक्टर और उसके पार्ट्स, भारत ऑटो इलेक्ट्रिकल्स आटोमोबाइल पार्ट्स, सर्वजन सुखाय ई व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग ई व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग प्लांट और केटीएल ऑटोमोबाइल्स प्रालि अमेठी में ई व्हीकल के प्लांट लगाएगा।